# विज्ञान-तकनीक प्रवाह

त्रैमासिक समाचार पत्र

अंक 7,8,9, पृष्ठ 16 नवम्बर, 2023 से जुलाई, 2024

www.himtu.ac.in









## हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय

हमीरपुर-177001

# राज्यपाल से मिले तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति

हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल एवं तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति शिव प्रताप शुक्ल से कुलपति प्रो शशि कुमार धीमान ने शिमला राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। कुलपति ने राज्यपाल को हिमाचल प्रदेश तकनीकी विवि हमीरपुर में चल रही गतिविधियों के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत करवाया। साथ ही आगामी शैक्षणिक सत्र में प्रस्तावित नए बदलाव व प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी। राज्यपाल ने तकनीकी विवि द्वारा विक्रमी सम्वत–2081 पर आधारित वार्षिक टेबल कैलेंडर और वॉल कैलेंडर का भी विमोचन किया। उपरोक्त दोनों कैलेंडर में विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले भारतीय वैज्ञानिकों व महान विभूति के बारे में संक्षिप्त जानकारी प्रकाशित की गई है। राज्यपाल ने तकनीकी विवि के इस प्रयास की सराहना की।



# रायसन में पर्यटन विभाग के विद्यार्थियों का नेतृत्व विकास शिविर

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के एमबीए पर्यटन एवं आतिथ्य प्रबंधन विभाग के विद्यार्थियों का सात दिवसीय नेतृत्व विकास शिविर 22 से 28 अप्रैल तक कुल्लू जिला के रायसन में संपन्न हुआ। शिविर में दूसरे सेमेस्टर के 28 छात्र–छात्रों ने भाग लिया। शिविर में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाई। साथ ही रॉक क्लाइम्बिंग, रिवर क्रॉसिंग, हाई रोप कोर्स, ट्रेकिंग, कैंपिंग, जंगल क्राफ्ट, सर्वाइवल कैंप व आउट डोर में रहने का कौशल के बारे में विस्तारपूर्वक जाना। हिमालयन वागाबॉन्ड एडवेंचर्स ने नेतृत्व विकास शिविर में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। तकनीकी विवि में सोमवार को शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने रिपोर्ट जमा करवाई। इस मौके पर पर्यटन विभाग के प्राध्यापक विनीत कुमार व अजय भारती भी उपस्थित रहे।









# भौतिकी ने विज्ञान व तकनीक के क्षेत्र में स्थापित किए नए आयामः प्रो शशि

## तकनीकी विवि में भौतिक विज्ञान की दो दिवसीय सम्मेलन शुरू

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में मंगलवार को भौतिक विज्ञान विभाग की भविष्यवादी अनुप्रयोगों के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी में हालिया प्रगति विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। तकनीकी विवि के कुलपति प्रो शशि कुमार धीमान ने सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि केंद्रीय विवि धर्मशाला के प्रो हुम चंद, आईआईटी मंडी के प्रो सतिंद्र कुमार शर्मा, चंडीगढ़ विवि के डॉ पी दीपक, मुख्य स्त्रोत व्यक्ति के रूप में उपस्थित रहे। कुलपति ने कहा कि इस प्रकार के सम्मेलन से शोधार्थियों और विद्यार्थियों में नवाचार के प्रति रूचि बढ़ाने में मदद मिलती है। आने वाले समय में तकनीक तेजी से विकसित हो रही है, ऐसे में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और टूल्स विश्लेषण के नए आइडिया पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भौतिकी ने विज्ञान व तकनीक के क्षेत्र में नए–नए आयाम स्थापित किए हैं। आने वाले समय में समाज के सभी वर्गों के लिए यह नई तकनीक अहम भूमिका निभाएगी। वहीं, प्रो सतिंद्र कुमार शर्मा ने भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में 2डी संक्रमण धातु डाइक्लोजेनाइड्स, फोटोनिक्स और ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक्स सहित अन्य नए विषयों पर जानकारी विस्तारपूर्वक रखी। साथ ही क्वांटम प्रौद्योगिकी अनुसंधान के बारे में भी बताया, जिस पर आईआईटी मंडी में कार्य हो रहा है। इस मौके पर तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव, कुलसचिव कमल देव सिंह कंवर, वित्त अधिकारी नीरज सूद, सम्मेलन में जेएनजीईसी सुंदरनगर की डॉ नीलम गुलेरिया, आरजीजीईसी नगरोटा बगवां के सुनील कुमार सहित प्राध्यापक व विद्यार्थी मौजूद रहे। सम्मेलन के समन्वयक डॉ जेपी शर्मा ने कहा कि पहले दिन दो तकनीकी सत्र भी रहे, जिसकी अध्यक्षता प्रो हुम चंद और प्रो सतिंद्र कुमार शर्मा ने की। तकनीकी सत्र की अध्यक्षता करते हुए प्रो हुम चंद ने खगोल व वायुमंडल के रहस्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा एक टेबल राउंड इंटरैक्टिव सत्र भी हुआ, जिसमें एनआईटी हमीरपुर, राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर और गौतम कॉलेज हमीरपुर के भौतिक विज्ञान विभाग के शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने अपने विचार सबके समक्ष रखे।








# ब्रह्मांडीय पदार्थों व सोलर सिस्टम के नए प्रोजेक्ट पर काम करें विद्यार्थीः कुलपति

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में भौतिक विज्ञान विभाग के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का बुधवार को समापन हुआ। समापन समारोह में तकनीकी विवि के कुलपति प्रो शशि कुमार धीमान ने शिरकत की। कुलपति ने ब्रह्मांडीय पदार्थों और सोलर सिस्टम विषय पर नए प्रोजेक्ट बनाने और उन उपकरणों पर शोध करने को बढ़ावा देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में अभी और काम करने की जरूरत है, ताकि वायुमंडल के रहस्यों के बारे में जानकारी हासिल की जा सकें। समापन समारोह में कुलपति ने एनआईटी हमीरपुर, राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर और गौतम कॉलेज हमीरपुर के विद्यार्थियों सहित अन्य शोधार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व भौतिक विज्ञान विभाग ने भविष्यवादी अनुप्रयोगों के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी में हालिया प्रगति विषय पर आधारित सम्मेलन के दूसरे दिन के पहले तकनीकी सत्र की अध्यक्षता चंडीगढ़ विवि के डॉ पी दीपक ने की। उन्होंने भौतिकी विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार पर अपना व्याख्यान रखा। उन्होंने नैनो तकनीक के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। वहीं, दूसरे तकनीकी सत्र में एनआईटी हमीरपुर के डॉ कुलदीप कुमार शर्मा ने न्यूक्लीयर तकनीक पर व्याख्यान रखा। तीसरे सत्र में तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव ने स्टॉटअप और उद्यमिता के विषय पर विचार रखे। इस मौके पर सम्मेलन के समन्वयक डॉ जेपी शर्मा, डॉ मीना, डॉ विजय, डॉ अंजलि, जगत राम, सुनील शर्मा आदि मौजूद रहे।








# तकनीकी विविः डिग्री करने वाले विद्यार्थियों को श्रेणी सुधार का मौका

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने विकल्प आधारित क्रेडिट प्रणाली (सीबीसीएस) के तहत डिग्री पूरा करने वाले विद्यार्थियों को श्रेणी सुधार करने का मौका दिया है। ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने सीबीसीएस के तहत तकनीकी विवि से स्नातक और स्नातकोत्तर डिग्री पास की है, लेकिन उनके कई विषयों में डी ग्रेड या कम अंक हैं। ऐसे विद्यार्थी अपने श्रेणी में सुधार अर्थात प्रथम व द्वितीय श्रेणी करने के लिए 30 नवंबर तक परीक्षा फॉर्म ऑफलाइन माध्यम से भर सकते है। श्रेणी सुधार करने के लिए प्रति विषय पेपर के तीन हजार रूपए शुल्क होगा। तकनीकी विवि के परीक्षा नियंत्रक कमल देव सिंह कंवर ने कहा कि दिसंबर-जनवरी माह में प्रस्तावित परीक्षाओं के साथ सीबीसीएस के तहत डिग्री पूरा करने वाले विद्यार्थियों को श्रेणी सुधार करने हेतू परीक्षा देने का मौका दिया जा रहा है। जो विद्यार्थी श्रेणी में सुधार करना चाहते हैं, उपरोक्त तिथि तक ऑफलाइन माध्यम से परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं। परीक्षा से संबधित ब्यौरा तकनीकी विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध है, जहां विद्यार्थी देख सकते है।

# नशे से दूर और सकारात्मक सोच रखें युवा: वीके राजेंद्रा

## तकनीकी विवि में नशा मुक्त जीवन व सकारात्मक सोच विषय पर व्याख्यान

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर परिसर में नशा मुक्त जीवन व सकारात्मक सोच विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। व्याख्यान में ब्रह्माकुमारी संस्थान की वीके राजेंद्रा दीदी ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने का आह्वान किया। साथ ही नकारात्मक सोच से बाहर निकले के लिए योग व ध्यान एकाग्र करने वाली गतिविधियों को दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा उन्होंने विद्यार्थियों को पर्याप्त नींद लेने के लिए सही प्रबंधन करने की सलाह दी, ताकि शरीर स्वस्थ रह सकें। उन्होंने कहा कि आज समाज में बहुत नकारात्मकता देखने को मिलती है, इस स्थिति से निपटने के लिए युवाओं को ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रतिदिन समय देना होगा। वहीं, इस मौके पर तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव ने कहा कि आज भारत विश्व का सबसे युवा देश है। अगर देश का युवा एकजुट और सकारात्मक सोच के साथ काम करें, तो भारत जल्द विकसित देश की सूची में शामिल हो जाएगा। उन्होंने विद्यार्थियों से तकनीक का सही दिशा में प्रयोग कर समाज के उत्थान में योगदान देने का आह्वान किया। इस व्याख्यान में तकनीकी विवि के प्राध्यापक, कर्मचारी व विद्यार्थी मौजूद रहे।





# तकनीकी विवि: पुनर्मूल्यांकन के लिए एक दिसंबर तक करें आवेदन

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने पुनर्मूल्यांकन, पुनः जांच और उत्तर पुस्तिका की फोटो कॉपी प्राप्त करने के लिए आवेदन मांगे हैं। मई–जून, 2023 की परीक्षा में बैठे अभ्यर्थी इसके लिए एक दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। जो अभ्यर्थी पुनर्मूल्यांकन करना चाहते हैं, वह ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, जबकि पुनः जांच और उत्तर पुस्तिका की फोटो कॉपी प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को ऑफलाइन फॉर्म भरकर उपरोक्त तिथि तक ही तकनीकी विवि भेजना होगा। तकनीकी विवि के परीक्षा नियंत्रक ने कहा कि जो अभ्यर्थी पुनर्मूल्यांकन, पुनः जांच और उत्तर पुस्तिका की फोटो कॉपी प्राप्त करना चाहता है, वह तय तिथि तक आवेदन कर सकता है। पुनर्मूल्यांकन, पुनः जांच और उत्तर पुस्तिका की फोटो कॉपी प्राप्त करने के लिए से संबंधित पूरी डिटेल तकनीकी विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध है। पुनर्मूल्यांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के लिए लिंक भी वेबसाइट पर ही हैं।







# कुलपति प्रो शशि कुमार धीमान ने जारी किया नववर्ष–2024 का वार्षिक कैलेंडर

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के कुलपति प्रो शशि कुमार धीमान ने नववर्ष–2024 का वार्षिक कैलेंडर जारी किया। इस मौके पर तकनीकी विवि के कुलसचिव कमल देव सिंह कंवर, उप कुलसचिव संजीवन मनकोटिया, सहायक कुलसचिव राजवीर सिंह, परियोजना अधिकारी अमित ठाकुर भी मौजूद रहे। कुलपति ने तकनीकी विवि के सभी अधिकारी, कर्मचारियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी।



# तकनीकी विविः एनएसएस इकाई का सात दिवसीय शिविर शुरू

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय शिविर सोमवार से शुरू हुआ। एनएसएस शिविर में 50 स्वयंसेवी भाग ले रहे हैं। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी आयुष गुलेरिया और डॉ मीना कुमारी ने कहा कि शिविर 28 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। शिविर में स्वयंसेवियों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम और श्रमदान भी किया जाएगा। पहले दिन स्वयंसेवियों ने तकनीकी विवि परिसर के मुख्य द्वार व आसपास की सफाई की। इसके अलावा परिसर में स्थापित मंदिर की सफाई के बाद सजावट की। कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि 23 से 27 जनवरी तक प्रतिदिन एक अतिथि व्याख्यान भी स्वयंसेवियों को स्त्रोत वक्ताओं द्वारा जागरूकता के लिए दिया जाएगा।

# स्वयंसेवियों व ग्रामीणों ने जाने खाद्य सुरक्षा के नियम

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर की एनएसएस इकाई के स्वयंसेवियों ने शिविर के दूसरे दिन दड़ूही गांव में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान स्वयंसेवियों ने दड़ूही गांव में स्थित मंदिर परिसर, आंगनबाड़ी केंद्र, महिला मंडल भवन सहित आसपास के रास्ते में सफाई की। साथ ही गांव के लोगों से भी संवाद किया। शिविर के दूसरे दिन खाद्य सुरक्षा विभाग हमीरपुर के सहायक आयुक्त अनिल कुमार ने बतौर स्त्रोत व्यक्ति स्वयंसेवियों और ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने खाद्य सुरक्षा सहित खाद्य सुरक्षा से जड़े नियमों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस मौके पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी मधुबाला, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ मीना कुमारी, आयुष गुलेरिया भी मौजूद रहे।

# तकनीकी विविः अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में भाग लेंगे योग विभाग के विद्यार्थी

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के योग विभाग के नौ विद्यार्थी और दो प्राध्यापक विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी में होने वाले अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के लिए रवाना हुए। कन्याकुमारी में दो से चार फरवरी तक अंतरराष्ट्रीय स्तर का योग सेमिनार आयोजित हो रहा है। जिसमें तकनीकी विवि के विद्यार्थी भी अपने शोध पत्र, उपनिषद और योग अभ्यास की प्रतिभा दिखाएंगे। तकनीकी विवि से योग विभाग के प्राध्यापक राजेश कुमार राकटा, अतुल कौशल के अलावा ऋषभ, प्रमोद ठाकुर, अभिषेक, लता ठाकुर, रचिता, कोमल, नीलम, सुमन, शिवानी शामिल है। तकनीकी विवि के कुलपति प्रो शशि कुमार धीमान और अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव ने योग विभाग के दल को शुभकामनाएं दी।

# गणित एक कौशल है, मूल को समझाना जरूरीः प्रो शशि कुमार

## तकनीकी विवि में रूट्स ऑफ गणित विषय पर प्रतियोगिताएं

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के कुलपति प्रो शशि कुमार धीमान ने कहा कि हर व्यक्ति के जीवन में गणित का विशेष महत्व है। गणित एक कौशल है, जिसे हर किसी को जानना जरूरी है। भारतीय सभ्यता में गणित का अहम योगदान है और हजारों सालों से भारत के गणित का पूरे विश्व में नाम है। कुलपति ने वर्तमान समय में हर विषय के विद्यार्थियों को गणित के मूल को समझने के लिए प्रोत्साहित किया। तकनीकी विवि में शनिवार को रूट्स ऑफ गणित विषय पर विद्यार्थियों की छह प्रतियोगिताओं को आयोजित की गई। जिसमें तकनीकी विवि के स्नातक और स्नातकोत्तर विषयों क लगभग 200 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के समापन समारोह में कुलपति ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव भी मौजूद रहे। कुलपति ने विभिन्न प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र और पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया। डिक्लेमेशन में प्रांजल ने प्रथम, साजिद ने द्वितीय और अर्ष रोहल व प्रियांशी ने तृतीय स्थान हासिल किया। क्विज में साजिद और सुनेंद्र प्रथम, नितिन अटवाल और नितिन चंदेल द्वितीय, प्रियांशी और अर्पित तृतीय स्थान पर रहे। सुडोकू स्पर्धा में अभिनंदन प्रथम, सिमरन द्वितीय और शुभम जम्वाल तृतीय, स्पीड कैलकुलेशन एंड सीक्वेंस में मानस जम्वाल प्रथम, विवेक आर्य ने द्वितीय और पारस ने तृतीय स्थान हासिल किया। पाई रिकॉर्ड में दिव्या, संदीप कुमार व अंशित ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। मैथमेटिक्स मॉडलिंग में साजिद अंसारी प्रथम, विकास की टीम द्वितीय और प्रिया की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया। कुलपति ने सभी प्रतियोगिताओं को सम्मानित किया।





# तकनीकी विविः दुबई में विशाल ठाकुर को मिला 20 लाख रुपए का वार्षिक पैकेज

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी के पहले सत्र 2018–22 के विशाल ठाकुर का चयन दुबई के ताज जुमेराह लेक्स टावर्स में हुआ है। इसके लिए विशाल ने पांच चरण की साक्षात्कार प्रक्रिया पूरी की है, जहां अब विशाल को लगभग 20 लाख रुपए से अधिक वार्षिक पैकेज मिलेगा। इससे पूर्व विशाल ने डिग्री पूरी करने के बाद पाम जुमेराह में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। विशाल की इस सफलता के लिए तकनीकी विवि के कुलपति प्रो शशि कुमार धीमान, अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव सहित प्राध्यापक चंद्र वरुण, यशवीर भारद्वाज और राहुल कौंडल ने शुभकामनाएं दी है।



# तकनीकी विवि परिसर में मनाई बसंत पंचमी

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर परिसर में बुधवार को बसंत पंचमी उत्सव मनाया। कुलपति प्रो शशि कुमार धीमान ने तकनीकी विवि परिसर में स्थापित मां सरस्वती प्रतिमा की पूजा–अर्चना की। कुलपति ने तकनीकी विश्वविद्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को बसंत पंचमी उत्सव की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर तकनीकी विवि के कुलसचिव कमल देव सिंह कंवर, अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव, अतिरिक्त परीक्षा नियंत्रक संजीवन मनकोटिया, सहायक कुलसचिव सुरेंद्र शर्मा, राजवीर सिंह, ओम राणा, संपदा अधिकारी धीरज कौंडल, परियोजना अधिकारी अमित ठाकुर सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। एनएसएस इकाई के स्वयंसेवियों ने मां सरस्वती प्रतिमा की सजावट की। इस मौके पर प्रसाद वितरित किया गया।



# पूरे विश्व के लोगों के मानवीय मूल्य एक समानः प्रो शशि

## तकनीकी विवि में सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों पर आधारित एफडीपी का शुभारंभ

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में सोमवार को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) द्वारा अनुमोदित सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों (यूएचवी) पर आधारित तीन दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी) का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में तकनीकी विवि के कुलपति प्रो शशि कुमार धीमान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यशाला में हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय व संबंधित शिक्षण संस्थानों के 70 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। कुलपति ने कहा कि व्यक्ति को जीवन जीने के मूल्यों के महत्त्व के बारे में जानना चाहिए। आज के इस दौर में मानवीय मूल्यों का हर व्यक्ति को अपने जीवन में अपनाना चाहिए, जिससे समाज, पर्यावरण और प्रकृति का बचाव हो सकें। पूरे विश्व एक परिवार है, यहां पर रहने वाले हर व्यक्ति के मानवीय मूल्य भी एक समान है। कुलपति ने कहा कि तकनीकी विवि सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों को सभी स्नातक और स्नातकोत्तर विषयों के पाठ्यक्रमों में दो क्रेडिट की पढ़ाई विद्यार्थियों को करवा रहा है। वहीं, एआईसीटीई के यूएचवी के उत्तर क्षेत्र के समन्वयक प्रो मुंशी यादव ने एफडीपी के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी सांझा की। वहीं, पहले दिन एआईसीटीई की स्त्रोत व्यक्ति डॉ प्रिया दर्शनी ने मानवीय वास्तविकता से संबंधित तार्किक, सार्वभौमिक और सत्यापन योग्य प्रस्तावों की एक श्रृंखला व्यवस्थित रूप से दी जाती हैं। चिंतन का अभ्यास समस्या समाधान से मानव चेतना की ओर खुशी प्राप्त करने में बदलाव की सुविधा प्रदान करता है। मूल्य शिक्षा की नींव को व्यक्तियों से लेकर संपूर्ण सृष्टि तक सभी स्तरों पर सद्‌भाव की समझ के रूप में प्रतिभागियों को समझाया। इस मौके पर तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक एवं यूएचवी के समन्वयक प्रो जयदेव उपस्थित रहे।









# पहले खुद व्यवहार में लाएं फिर दूसरों को समझाएं मानवीय मूल्यः कुलपति

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में बुधवार को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) द्वारा अनुमोदित सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों (यूएचवी) पर आधारित तीन दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी) का समापन हुआ। समापन समारोह में तकनीकी विवि के कुलपति प्रो शशि कुमार धीमान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर डॉ डीके वत्स, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) हमीरपुर के निदेशक प्रो हीरालाल मुरलीधर सूर्यवंशी, बागवानी एवं वानिकी महाविद्यालय, नेरी के अधिष्ठाता डॉ कमल शर्मा, आईएचएम हमीरपुर के विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा, सीपीयू हमीरपुर के प्रो टीआर शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रो धीमान ने कहा कि हर व्यक्ति को मानवीय मूल्यों को व्यवहारिक रूप से अपनाना होगा, तभी हम दूसरों को मानवीय मूल्यों के अनुसार जीने के लिए प्रेरित कर सकते हैं या उन्हें मानवीय मूल्यों के अनुरूप काम करने को बोल सकते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में मानवीय मूल्यों पर एक व्यापक चर्चा हों, इसके लिए एआईसीटीई प्रयास कर रही है। जल्द ही प्रदेश के सभी शिक्षण संस्थानों में इस प्रकार की कार्यशालाएं आयोजित की जाएगी। इससे पूर्व कार्यशाला के तीसरे दिन स्त्रोत व्यक्तियों ने संबंध, परिवार, स्वास्थ्य सहित अन्य विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ में अंतिम दिन प्रतिभागियों ने कार्यशाला में अपने अनुभव भी सबके सामने साझा किए। इस मौके पर तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव, यूएचवी के समन्वयक स्थानीय समन्वयक अमित कुमार, अनामिका रांगड़ा सहित अन्य प्राध्यापक व अधिकारी मौजूद रहे।




# तकनीकी विवि की अंतर विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता के मुकाबले शुरू

## 100 मीटर दौड़ के पुरुष वर्ग में प्रबल व महिला वर्ग में सायशा प्रथम

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर की अंतर विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता शनिवार को शुरू हुई। तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के पहले दिन सिंथेटिक ट्रैक इनडोर स्टेडियम अणु में मुकाबले खेले गए। तकनीकी विवि के उप कुलसचिव सुरेंद्र शर्मा ने खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि तकनीकी विवि के कुलपति प्रो शशि कुमार धीमान, अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव व कुलसचिव कमल देव सिंह कंवर के प्रयासों से पहले बार अंतर विभागीय खेलकूद प्रतियोगिताएं करवाई जा रही है, ताकि तकनीकी विवि परिसर में पढ़ने वाले विद्यार्थी भी खेलकूद में अपनी प्रतिभा का दमखम दिखा सके। प्रतियोगिता के पहले दिन 100, 200, 400 और 1600 मीटर दौड़ की स्पर्धाएं हुई। इसके अलावा बैडमिंटन, वॉलीबाल, फुटबॉल, लंबीकूद के मुकाबले हुए। पुरूष वर्ग की 100 मीटर दौड़ में बीटेक दूसरे सेमेस्टर के प्रबल ने पहला, एमबीए दूसरे सेमेस्टर के अखिल ने दूसरा और बीटेक दूसरे सेमेस्टर के अक्षित ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं, महिला वर्ग की 100 मीटर दौड़ में बीटेक की सायशा ने पहला, प्रिया ने दूसरा और एमबीए पर्यटन की पल्लवी तीसरे स्थान पर रही। पुरुष वर्ग की 200 मीटर दौड़ में एमबीए पर्यटन विभाग के अखिल ने पहला, एमबीए के आकाश ने दूसरा और बीटेक के आर्यन ने तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग की 200 मीटर दौड़ में सायशा प्रथम रही। पुरुष वर्ग की 400 मीटर दौड़ में एमबीए का रोहित, बीटेक का प्रबल व शंभू क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। 1600 मीटर दौड़ में एमबीए के रामनेश ने पहला, साहिल ने दूसरा और शुभम ने तीसरा स्थान हासिल किया। बैडमिंटन के एकल मुकाबले में बीटेक का तनिश पहले, एमबीए का निखिल दूसरे और बीटेक का गुरप्रित तीसरे स्थान पर रहा। महिला वर्ग के एकल मुकाबले में एमएससी पर्यावरण विज्ञान की मेघा विजेता, बीटेक की प्रिया उपविजेता और बीटेक की सायशा तीसरे स्थान पर रही। बैडमिंटन के महिला वर्ग के डबल में मेघा व पल्लवी की टीम विजेता और प्रिया व सायशा की टीम उपविजेता रही। दूसरे दिन कबड्डी, क्रिकेट सहित अन्य खेलों के मुकाबले मटाहली स्कूल के मैदान में खेलें जाएंगे।





# फुटबॉल में एमबीए विभाग की बी टीम विजेता

## बैडमिंटन के युगल मुकाबले में बीटेक के गुरप्रीत व तनिश की जोड़ी प्रथम

## आज होगा तकनीकी विवि की अंतर विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर की अंतर विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन बैडमिंटन, फुटबॉल और क्रिकेट के मुकाबले खेले गए। बैडमिंटन युगल का पुरुष वर्ग का फाइनल मुकाबला बीटेक के गुरप्रीत व तनिश की टीम के साथ बीटेक के ही आयुष व आर्यन की जोड़ी के बीच खेला गया। जिसमें गुरप्रीत और तनिश की जोडी विजेता, जबकि आयुष व आर्यन की जोडी उपविजेता रही। तीसरे स्थान के लिए एमबीए विभाग के निखिल और अंशुल की जोड़ी ने बाजी मारी। वहीं, फुटबॉल के पुरुष वर्ग का फाइनल मुकाबला एमबीए विभाग की ए और बी टीम के मध्य खेला गया। फाइनल मुकाबले में एमबीए बी की टीम ने एमबीए ए को 1–0 से पराजित किया। वहीं, क्रिकेट के हिमाचल प्रदेश तकनीकी विवि की अंतर विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता का सोमवार को समापन होगा। अंतिम दिन टेबल टेनिस सहित अन्य मुकाबले खेले जाएंगे।







# टेबल टेनिस के एकल में अंशुल और मेघा विजेता

## तकनीकी विवि की तीन दिवसीय अंतर विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर की अंतर विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतिम दिन टेबल टेनिस, शतरंज, कैरम बोर्ड और कबड्डी के मुकाबले खेले गए। टेबल टेनिस के पुरुष वर्ग के एकल में एमबीए विभाग के अंशुल विजेता, बीटेक के मानस उपविजेता और बीटेक के ही प्रियांशु तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग के एकल में एमएससी पर्यावरण विज्ञान विभाग की मेघा प्रथम, एमबीए की अंजना द्वितीय और एमबीए पर्यटन विभाग की पल्लवी ने तृतीय स्थान हासिल किया। कैरम बोर्ड के पुरुष वर्ग के एकल में एमबीए पर्यटन विभाग का रोहित ने पहला, एमसीए के राहुल ने दूसरा और बीएचएमसीटी के सौरव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, कैरम बोर्ड के युगल में बीएचएमसीटी के सौरव व एमबीए के रजत की टीम ने पहला, एमबीए पर्यटन विभाग के अभिलाष व रोहित की टीम ने दूसरा और एमबीए पर्यटन के विकास व पीयूष की टीम तीसरे स्थान पर रही। वहीं, कबड्डी का फाइनल मुकाबला एमबीए व एमबीए पर्यटन विभाग की टीम के मध्य खेला गया। जिसमें एमबीए ने एमबीए पर्यटन विभाग की टीम को 47–33 अंकों से हराया। कबड्डी स्पर्धा में एमसीए विभाग की टीम तीसरे स्थान पर रही।

# तकनीकी विविः एमबीए विभाग को ऑल ओवर चैंपियन की टॉफी

## तकनीकी विवि में अंतर विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी सम्मानित

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में अंतर विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता तकनीकी विवि के कुलपति प्रो शशि कुमार धीमान ने की, जबकि कांग्रेस नेता डॉ पुष्पेंद्र वर्मा मुख्य अतिथि रहे। तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव ने कहा कि 17 से 19 फरवरी तक अंतर विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें सभी विभागों के विद्यार्थियों की सहभागिता रही। कार्यक्रम में टेबल टेनिस के पुरुष वर्ग के एकल में एमबीए विभाग के अंशुल, बीटेक के मानस, बीटेक के ही प्रियांशु, महिला वर्ग के एकल में एमएससी पर्यावरण विज्ञान विभाग की मेघा, एमबीए की अंजना, एमबीए पर्यटन विभाग की पल्लवी, कैरम बोर्ड के पुरुष वर्ग के एकल में एमबीए पर्यटन विभाग का रोहित, एमसीए के राहुल, बीएचएमसीटी के सौरव, कैरम बोर्ड के युगल में बीएचएमसीटी के सौरव व एमबीए के रजत, एमबीए पर्यटन विभाग के अभिलाष व रोहित, एमबीए पर्यटन के विकास व पीयूष,वहीं, कबड्डी में एमबीए, एमबीए पर्यटन विभाग और एमसीए विभाग की टीमें सम्मानित की गई। वहीं, बैडमिंटन युगल का पुरुष वर्ग में गुरप्रीत और तनिश की जोड़ी विजेता, जबकि आयुष व आर्यन की जोड़ी उपविजेता रही। तीसरे स्थान पर एमबीए विभाग के निखिल और अंशुल विजेता रहे हैं। फुटबॉल के पुरूष वर्ग का फाइनल मुकाबले में एमबीए बी की टीम ने एमबीए ए को 1–0 से पराजित किया था। एमबीए विभाग को ऑल ओवर चैंपियन के खिताब से नवाजा गया। पुरूष वर्ग की 100 मीटर दौड़ में बीटेक के प्रबल, एमबीए दूसरे सेमेस्टर के अखिल, बीटेक दूसरे सेमेस्टर के अक्षित को, महिला वर्ग की 100 मीटर दौड़ में बीटेक की सायश, प्रिया व एमबीए पर्यटन की पल्लवी, पुरूष वर्ग की 200 मीटर दौड़ में एमबीए पर्यटन विभाग के अखिल, एमबीए के आकाश, बीटेक के आर्यन को, महिला वर्ग की 200 मीटर दौड़ में सायशा, पुरूष वर्ग की 400 मीटर दौड़ में एमबीए का रोहित, बीटेक का प्रबल व शंभू 1600 मीटर दौड़ में एमबीए के रामनेश, साहिल और शुभम को, बैडमिंटन के एकल मुकाबले में बीटेक का तनिश, एमबीए का निखिल, बीटेक का गुरप्रीत को, महिला वर्ग के एकल मुकाबले में एमएससी पर्यावरण विज्ञान की मेघा, बीटेक की प्रिया और बीटेक की सायशा को, बैडमिंटन के महिला वर्ग के डबल में मेघा व पल्लवी की टीम विजेता और प्रिया व सायशा की टीम उपविजेता रही है। इसके अलावा युवा उत्सव और विवेकानंद्र केंद्र कन्याकुमारी में योग सम्मेलन में गए विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर तकनीकी विवि के प्राध्यापक और विद्यार्थी मौजूद रहे।



# विज्ञान दिवसः विद्यार्थियों ने बनाए चंद्रयान व सौर मंडल के मॉडल

## तकनीकी विवि के भौतिकी व पर्यावरण विभाग ने मनाया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के भौतिक विज्ञान और पर्यावरण विज्ञान विभाग ने संयुक्त रूप से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया। इस वर्ष के राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह तय थीम विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीक पर आधारित रहा। यह सामाजिक कल्याण के लिए घरेलू तकनीकी समाधानों को बढ़ावा देने की देश की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। कार्यक्रम दो सत्र में मनाया गया, जिसके पहले सत्र में तकनीकी विवि के भौतिक विज्ञान और पर्यावरण विज्ञान के विद्यार्थियों ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मटाहणी के परिसर में बिजली पैदा करने के साधन, सौर मंडल, चंद्रयान, कैंडीज बॉक्स, वाटर प्यूरीफायर जैसे विभिन्न विषयों पर कई विज्ञान मॉडल एवं चार्ट प्रदर्शित किए गए। प्रदर्शनी को सफल बनाने के लिए तकनीकी विवि के विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत की। मटाहणी स्कूल की प्रधानाचार्य रेणू कौशल व अन्य शिक्षकों ने तकनीकी विवि के विद्यार्थियों की पहल की प्रशंसा की। दूसरे सत्र में तकनीकी विवि परिसर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पदमश्री करतार सिंह सोंखले ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने तकनीकी विवि के विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा किए। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विज्ञान मॉडलों को अवलोकन किया। श्री सोखलें ने अपनी कलाकृतियों के भी लगभग 15 मॉडल प्रदर्शनी के लिए लाए थे, जिन्हें तकनीकी विवि के विद्यार्थियों ने देखा। इस मौके पर तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव, वित्त अधिकारी नीरज सूद, प्राध्यापक डॉ जेपी शर्मा, डॉ वैष्णव किरण, डॉ मीना कुमारी, डॉ विजय कुमार, डॉ अंजली, जगत राम व अभिनव कुमार उपस्थित रहे।









# उड़ीसा भ्रमण के लिए तकनीकी विवि के चार विद्यार्थी रवाना





हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के चार विद्यार्थी एक भारत–श्रेष्ठ भारत युवा संगम के तहत उडीसा का भ्रमण करेंगे। बुधवार को तकनीकी विवि के एमबीए पर्यटन विभाग की पल्लवी शर्मा, एमएससी पर्यावरण विज्ञान विभाग की मेघा, एमबीए के सुभम जम्वाल और बीएचएमसीटी के निशांत सक्सेना धर्मशाला के लिए रवाना हुए। वहां से हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के दल के साथ ये सभी विद्यार्थी उड़ीसा रवाना होंगे। धर्मशाला जाने से पहले इन विद्यार्थियों ने तकनीकी विवि के कुलपति प्रो शशि कुमार धीमान से मिले। विद्यार्थियों ने उड़ीसा भ्रमण को लेकर की तैयारियों को लेकर कुलपति को बताया। कुलपति ने सभी विद्यार्थियों को भ्रमण पर रवाना होने के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव व प्राध्यापक यशवीर भारद्वाज भी उपस्थित रहे। इस भ्रमण में हिमाचल के विद्यार्थी उड़ीसा की संस्कृति के बारे में जानेगें और उसके बाद उड़ीसा से विद्यार्थियों को दल हिमावल भ्रमण के लिए आएगा।

# शत प्रतिशत मतदान के लिए युवा आएं आगेः उपेंद्र शुक्ला

## तकनीकी विवि में मेरा पहला वोट देश के लिए अभियान के तहत संवाद कार्यक्रम

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में मेरा पहला वोट देश के लिए अभियान के तहत विद्यार्थियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव की, जबकि निर्वाचन विभाग हमीरपुर के तहसीलदार उपेंद्र शुक्ला मुख्य वक्ता रहे। निर्वाचन विभाग के तहसीलदार ने युवा मतदाताओं से संवाद किया गया। उन्होंने लोकतंत्र में एक वोट के महत्त्व के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया। साथ ही उन्होंने आह्वान किया कि सभी युवा एक एंबेसडर की भूमिका में आसपास के मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कोई भी किसी दबाव, प्रलोभन या किसी के कहने पर अपने मत का प्रयोग न करें। इसके अलावा उन्होंने युवाओं को शत–प्रतिशत मतदान के लिए सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए, ताकि लोकतंत्र को मजबूत किया जा सके। ईवीएम, वीवीपैट के बारे में भी विद्यार्थियों को जानकारी दी गई।





# हर गतिविधि में सहभागी हों विद्यार्थीः प्रो शशि कुमार

## कुलपति ने सम्मानित किए बाइट बैटल के विजेता प्रतिभागी

सभी विद्यार्थियों को किसी न किसी गतिविधि में सहभागी होना चाहिए, इससे विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता विकसित होती है। यह बात हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के कुलपति प्रो शशि कुमार धीमान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कही। मंगलवार को तकनीकी विवि परिसर में कुलपति ने कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग ने शुक्रवार को बाइट बैटल (BYTE BATTLE) कार्यक्रम के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया। इसके अलावा एक भारत–श्रेष्ठ भारत युवा संगम के तहत उड़ीसा का भ्रमण से आए चार विद्यार्थियों को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उड़ीसा भ्रमण से आए विद्यार्थियों ने तकनीकी विवि परिसर में अन्य विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा किए। कुलपति ने मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों के मॉडल भी देखे। कार्यक्रम में आशु भाषण के विजेता बीटेक के विकास, एमसीए के साहिल शर्मा और बीटेक के साजिद, मॉडल मेकिंग के बीटेक के अभय, अनिकेत और राघव की टीम, बीटेक का पारस, बीटेक के क्षितिज और नितिन की टीम, प्रश्नोतरी में बीटेक की मेघना, नितिन और क्षितिज की टीम, बीटेक की दीपाली, सिमरन, आकांक्षा की टीम और बीटेक के पवन, अभिनंदन और अखिल की टीम को सम्मानित किया। वहीं, कोड क्रॉफ्ट में नितिन कटवाल की टीम प्रथम, मेघना की टीम द्वितीय और साहिल की टीम तृतीय रही है। इस मौके पर तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।





# खेल भावना से प्रतियोगिता में प्रतिभा दिखाएं सभी खिलाड़ीः प्रो शशि

## तकनीकी विवि की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का कुलपति ने किया शुभारंभ

प्रोफेशनल कोर्स करने वाले विद्यार्थी भी खेल के प्रति रूचि रखते हैं, यह इसका बात का प्रमाण है कि तकनीकी विवि की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में इतनी अधिक सख्यां में खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। यह बात हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ पर कुलपति प्रो शशि कुमार धीमान ने कही। कुलपति ने सभी खिलाड़ियों से प्रतियोगिता में खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा दिखाने का आग्रह किया। 28 से 30 मार्च तक होने वाली खेलकूद प्रतियोगिता गौतम कॉलेज ऑफ फार्मेसी हमीरपुर में वीरवार को शुरू हुई। प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय व संबंधित इंजीनियरिंग, फार्मेसी और मैनेजमेंट के 26 सरकारी व निजी शिक्षण संस्थानों की टीमें आई है। इन शिक्षण संस्थानों से कुल 812 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिसमें 587 छात्र और 225 छात्राएं शामिल है। प्रतियोगिता के शुभारंभ कार्यक्रम में तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव विशिष्ठ अतिथि रहे। खेलकूद प्रतियोगिता में महिला व पुरुष वर्ग की कबड्डी, वॉलीबॉल, हैंडबॉल, बैडमिंटन, चेस, कैरम बोर्ड, टेबल टेनिस, जूडो और ताइक्वांडो के मुकाबले खेले जा रहे हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन पुरूष वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता का मुकाबला एचआईईटी शाहपुर और हाइपर फार्मेसी कॉलेज नादौन की टीम के बीच खेला गया। जिसमें एचआईइटी शाहपुर ने नादौन की टीम को 45–23 अंक से पराजित किया। वहीं, वॉलीबॉल में पीजी कॉलेज उना और पीजी कॉलेज धर्मशाला में बीच पहला मुकाबला खेला गया। वहीं, अन्य खेलों के पहले चरण के मुकाबले भी पहले दिन शुरू हो गए। इससे पूर्व गौतम कॉलेज ऑफ फार्मेसी के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में गिद्दा, नाटी प्रस्तुत किया। इस मौके पर गौतम कॉलेज के संस्थापक जगदीश गौतम, रजनीश गौतम सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों की टीमों के साथ आए प्राध्यापक व अन्य स्टाफ मौजूद रहा।





# तकनीकी विवि में आपदा जागरुकता पर मॉक ड्रिल

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में आपदा जागरूक दिवस के अवसर पर वीरवार को मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल में गृह रक्षा विभाग हमीरपुर की 10वीं बटालियन की टीम ने तकनीकी विवि में अधिकारियों, प्राध्यापकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को जागरूक किया। साथ ही आपदा के दौरान कैसे लोगों को प्रभावित क्षेत्र या भवन से बाहर सुरक्षित निकाला जा सके, इसके बारे में अभ्यास करके समझाया। इससे पूर्व टीम ने तकनीकी विवि परिसर के प्रशासनिक व शैक्षणिक भवन में आपदा से निपटने के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। मॉक ड्रिल में बटालियन के कमांडेंट विजय सकलानी, स्टेशन फायर ऑफिसर राजेंद्र चौधरी, कंपनी कमांडर अशोक रांगड़ा, अतिरिक्त परीक्षा नियंत्रक संजीवन मनकोटिया, उपकुसचिव सुरेंद्र शर्मा, संपदा अधिकारी धीरज कौंडल सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।





# महिला वर्ग के वॉलीबॉल में फार्मेसी कॉलेज सराज विजेता

## समारोह में तकनीकी विवि के कुलपति प्रो शशि कुमार धीमान ने नवाजे विजेता खिलाड़ी

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर की तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता को शनिवार को समापन हुआ। समापन समारोह में तकनीकी विवि के कुलपति प्रो शशि कुमार धीमान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कुलपति ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। महिला वर्ग के टेबल टेनिस युगल में इंजिनियरिंग कॉलेज प्रगतिनगर शिमला प्रथम, सुंदरनगर कॉलेज द्वितीय और ग्रीन हिल्स सोलन तृतीय स्थान पर रहा। पुरूष वर्ग के युगल में इंजीनियरिंग कॉलेज ज्यूरी रामपुर प्रथम, गौतम कॉलेज द्वितीय, सुंदरनगर की जोड़ी तृतीय स्थान पर रही। महिला वर्ग के एकल में ग्रीन हिल्स सोलन प्रथम, फार्मेसी कॉलेज रोहडू द्वितीय, सुंदरनगर तृतीय, पुरूष वर्ग के एकल में प्रगतिनगर शिमला प्रथम, ज्यूरी रामपुर द्वितीय और सुंदरनगर तृतीय स्थान पर रहा। चेस के पुरूष वर्ग में इंजीनियरिंग कॉलेज नगरोटा बगवां प्रथम, सुंदरनगर द्वितीय और इंजीनियरिंग कॉलेज बंदला बिलासपुर तृतीय, महिला वर्ग में सुंदरनगर प्रथम, सराज द्वितीय और पीजी कॉलेज धर्मशाला तृतीय स्थान पर रहा। कैरम बोर्ड के पुरूष वर्ग में रोहडू पहले, ज्यूरी रामपुर दूसरे और सराज तीसरे, महिला वर्ग में गौतम कॉलेज हमीरपुर पहले, रोहडू दूसरे और प्रगतिनगर शिमला ने तीसरा स्थान हासिल किया। बैडमिंटन के पुरूष वर्ग के एकल में ग्रीन हिल्स सोलन पहले, बंदला बिलासपुर दूसरे, नगरोटा बगवां तीसरे स्थान पर रहा। महिला वर्ग के एकल में फार्मेसी कॉलेज रक्कड़ पहले, सुंदरनगर दूसरे और ज्यूरी रामपुर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पुरूष वर्ग के युगल में ग्रीन हिल्स सोलन विजेता, फार्मेसी कॉलेज नगरोटा बगवां उपविजेता और इंजीनियरिंग कॉलेज नगरोटा बगवां की जोड़ी ने तीसरा स्थान हासिल किया। महिला वर्ग के युगल में इंजीनियरिंग कॉलेज सुंदरनगर विजेता, हिमालयन कालाअंब उपविजेता और रक्कड़ की जोड़ी तीसरे स्थान पर रही। वॉलीबाल के पुरूष वर्ग में एलआईपी कथोग विजेता, गौतम कॉलेज उपविजेता, हिमालयन कालाअंब तीसरे स्थान पर, महिला वर्ग में सराज मंडी विजेता, नगरोटा बगवां उपविजेता और ग्रीन हिल्स सोलन ने तीसरा स्थान हासिल किया। हैंडबॉल में तकनीकी विवि हमीरपुर और कथोग फार्मेसी कॉलेज की टीम संयुक्त विजेता घोषित की गई, जबकि शिवा फार्मेसी कॉलेज तीसरे स्थान पर रही। वहीं, कबड्डी के पुरूष वर्ग में गौतम कॉलेज हमीरपुर विजेता, शिवा कॉलेज उपविजेता और हिमाचल फॉर्मेसी कॉलेज नालागढ़ तीसरे स्थान पर रहा। महिला वर्ग की कबड्डी में गौतम कॉलेज हमीरपुर विजेता, एचआईईटी शाहपुर तीसरे स्थान पर रहा। समापन समारोह में तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव, गौतम कॉलेज के प्रबंध निदेशक जगदीश गौतम, सचिव डॉ रजनीश गौतम सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे। तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय व संबंधित इंजीनियरिंग, फार्मेसी और मैनेजमेंट के 26 सरकारी व निजी शिक्षण संस्थानों की टीमें आई है। इन शिक्षण संस्थानों से कुल 812 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिसमें 587 छात्र और 225 छात्राए ने भाग लिया।





# तकनीकी विवि और आईएफएम फिनकोच ग्लोबल के बीच एमओयू

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर और बैंकिंग आईएफएम फिनकोच ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड ने शुक्रवार को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। आईएफएम बैंकिंग वित्त सेवा और बीमा क्षेत्र में स्नातक और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को रोजगार देने के लिए प्रशिक्षण देता है और उसके बाद उन्हें विभिन्न निजी बैंकों में नौकरी प्रदान करता है। तकनीकी विवि के कुलसचिव कमल देव सिंह कंवर और अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव की अगुवाई में आईएफएम के निदेशक मनोज सहगल व बीडीएम केवल सिंह ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव ने कहा कि तकनीकी विवि के यूजी और पीजी के विद्यार्थियों को आईएफएम छह माह का प्रशिक्षण देगा। प्रशिक्षण पूरी तरह निशुल्क होगा और उसके अलावा खाने और रहने की व्यवस्था भी उन्हीं की ओर से की जाएगी। उन्होंने कहा कि आईएफएम का हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम से साथ भी समझौता है, तो ऐसी स्थिति में विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के बाद रोजगार मुहैया करवाना उनकी प्राथमिकता ही रहता है। उन्होंने कहा कि जून माह में यूजी और पीजी के पास आउट विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के लिए कंपनी में भेजा जाएगा, ताकि युवाओं को रोजगार मिल सके।





# बीटेक के साथ सभी विद्यार्थियों को मानइर डिग्री करने का मौका : प्रो शशि

## तकनीकी विवि की शैक्षणिक परिषद की 34वीं बैठक में प्रस्ताव मंजूर



हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर की शैक्षणिक परिषद (अकादमिक कौंसिल) की 34वीं बैठक कुलपति प्रो शशि कुमार धीमान की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई। राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के तहत तकनीकी विवि की शैक्षणिक परिषद ने आने वाले समय में 15 से 18 क्रेडिट के सात लघु डिग्री कोर्स (मानइर डिग्री) शुरू करने के प्रस्ताव रखा है। जिसमें किसी भी बीटेक ब्रांच का विद्यार्थी मानइर कोर्स की डिग्री कर सकता है। शैक्षणिक परिषद ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग, ब्लॉकचेन, साइबर सुरक्षा, डाटा साईंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, रोबोटिक्स, वर्चुअल एंड ऑगमेंटेड रियलिटी में मानइर डिग्री कोर्स शुरू करने की योजना का प्रस्ताव रखा है, जिससे विभिन्न विशेषज्ञों ने अपने सुझाव रखे। इसके अलावा शैक्षणिक परिषद ने तकनीकी विवि व संबंधित शिक्षण संस्थानों में एमटेक में प्रवेश के लिए नई पात्रता निर्धारित की है, जिसके तहत स्नातक में सामान्य वर्ग के अभ्यर्थी के लिए 60 प्रतिशत और अन्य आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के 55 प्रतिशत अंक अनिवार्य किए गए हैं। शैक्षणिक परिषद ने स्नातकोत्तर और पीएचडी की थिसिस के मापदंडों पर चर्चा कर तय किया। वहीं, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत शुरू किए गए भारतीय ज्ञान परंपरा और सार्वभौमिक मानवीय मूल्य विषय के प्रश्न पत्र को हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषा में हल करने का प्रावधान करने के प्रस्ताव का पारित किया। इसके पूर्व तकनीकी विवि के कुलपति ने शैक्षणिक परिषद के सभी सदस्यों को अभिनंदन किया। उसके बाद तकनीकी विवि के कुलसचिव एवं शैक्षणिक परिषद के सदस्य सचिव कमल देव सिंह कंवर ने 34वीं बैठक का प्रस्ताव सबसे समक्ष रहे। शैक्षणिक परिषद ने आगामी अक्तूबर माह में प्रस्तावित पांचवें दीक्षांत समारोह को आयोजित करने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी है। बैठक में तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव, एनआईटी दिल्ली के निदेशक प्रो अजय शर्मा, डॉ दीपक बंसल, थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के प्रो मनोज कुमार शर्मा, डॉ एमएस अशावत उपस्थित रहे, जबकि कॉलेज ऑफ साइंस एंड इंजीनियरिंग फ्लिंडर्स यूनिवर्सिटी, ऑस्ट्रेलिया के डॉ अभिनव, आईआईटी दिल्ली की प्रो सीमा शर्मा, डॉ हिमांशु मोंगा, डॉ एल राजू, डॉ विनय ठाकुर आभासी माध्यम से बैठक में जुड़े थे।

## जल्द खुलेगा स्टूडेंट्स इंटरनेशनल रिलेशंस सेल

कुलपति प्रो शशि कुमार धीमान ने कहा कि शैक्षणिक परिषद नें छात्रों के लिए तकनीकी विवि परिसर में स्टूडेंट्स इंटरनेशनल रिलेशंस सेल (एसआईआरसी) स्थापित करने को स्वीकृति दी है। आने वाले समय में छात्रों को विदेशों के विश्वविद्यालयों में विदेशी प्रशिक्षण के लिए आवेदन करने में भूमिका निभाएगा। सेल विदेशी विश्वविद्यालयों और अनुसंधान संगठनों के साथ अधिक अंतरराष्ट्रीय सहयोग को गति देगा। साथ ही छात्र और संकाय आदान–प्रदान और गतिविधियों के साथ अन्य अंतरराष्ट्रीय आउटरीच कार्यक्रमों के माध्यम से अकादमिक समुदायों के बीच संबंधों को नवीनीकृत और मजबूत करने का काम करेगा।

# भौतिकी विज्ञान के विद्यार्थियों ने किया आईआईटी मंडी की लैब का भ्रमण

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के भौतिकी विभाग के दूसरे और चौथे सेमेस्टर के 15 विद्यार्थियों ने आईआईटी मंडी का शैक्षणिक भ्रमण किया। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान भौतिकी विज्ञान के विद्यार्थियों ने आईआईटी मंडी की विभिन्न लैब का दौरा किया। लैब में संचालित होनी वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी हासिल की। इस दौरान विद्यार्थियों को कई प्रयोग भी लैब में करके बताए। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक डॉ सी एस यादव आईआईटी मंडी की ओर से शैक्षणिक भ्रमण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई थी। सबसे पहले तकनीकी विवि के विद्यार्थियों के साथ आईआईटी मंडी की ओर से  इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। उसके बाद आईआईटी मंडी में हो रहे नवाचार विकास और एक नए उत्पाद को विकसित करने में शामिल विभिन्न प्रक्रियाओं के बारे में बताया। उसके बाद उन्होंने तकनीक के विभिन्न चरणों के बारे में विस्तार से बताया और छात्रों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। इस मौके पर तकनीकी विवि के भौतिकी विज्ञान के प्राध्यापक डॉ जेपी शर्मा, जगत राम भी मौजूद रहे। उन्होंने शैक्षणिक भ्रमण के लिए तकनीकी विवि के कुलपति प्रो शशि कुमार धीमान, अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो जयदेव सहित आईआईटी मंडी के एएमआरसी समन्वयक डॉ अदिति, डॉ सुरेंद्र लाल, डॉ इशिता नंदी का विशेष आभार व्यक्त किया।

# विद्यार्थियों ने जानी प्लास्टिक कचरा प्रबंधन संयंत्र की कार्य प्रणाली



हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के पर्यावरण विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने विश्व पृथ्वी दिवस मनाया। विद्यार्थियों ने श्ग्रह बनाम प्लास्टिकश थीम पर आधारित पृथ्वी दिवस के अवसर ग्राम पंचायत दड़ूही में स्थापित प्लास्टिक कचरा प्रबंधन संयंत्र का दौरा किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने प्लास्टिक कचरा को कैसे फिर से प्रयोग में लाने की प्रक्रिया के लिए तैयार किया जा सकता है, इसके बारे में जानकारी हासिल की। प्लास्टिक कचरा प्रबंधन संयंत्र के बारे में विद्यार्थियों ने विस्तार पूर्वक जाना। इस दौरान पर्यावरण विज्ञान विभाग की प्राध्यापक डॉ वैष्णव किरण व अभिनव जम्वाल सहित दूसरे और चौथे सेमेस्टर के विद्यार्थी मौजूद रहे।

# HIMACHAL PRADESH TECHNICAL UNIVERSITY

(A State Government University Established Under State Legislative Act-16 of 2010)

## HAMIRPUR-177 001

प्रकाशक

कुलसचिव, हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय

के लिए जनसंपर्क कार्यालय हि. प्र. तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित